# *गैर-एसएसआइ रुग्ण/ दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के प्रति बैंकों का एक्सपोजर: मार्च 2007**

*इस समीक्षा में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (आरआरबी छोड़कर) द्वारा वित्तपोषित गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों और उन्हें दिए गए बैंक ऋण की मार्च 2007 के अंत की स्थिति और पिछले दो वर्षों की उनकी स्थिति की तुलना प्रस्तुत की गई है। गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों और उन्हें दिए गए अग्रिमों को उद्योग, औद्योगिक इकाई का क्षेत्र, बैंक समूह और बैंक ऋण की मात्रा के आधार पर सारणियों और ग्राफों/चार्टों की सहायता से प्रस्तुत किया गया है।*

## I. परिचय

औद्योगिक रुग्णता वित्तीय प्रणाली के सुगमतापूर्वक कार्य करने के मार्ग में एक भारी रुकावट है क्योंकि यह उधारकर्ता की चुकौती क्षमता पर विपरीत प्रभाव डालती है जिससे वित्तीय प्रणाली द्वारा उधार दी गई निधियों की रिसायकलिंग बाधित होती है। बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाएं उन उद्योगों को ऋण देने की इच्छुक नहीं होती जो वास्तव में या संभाव्य रूप से रुग्ण हो। अत: यह अनिवार्य है कि ऐसी इकाइयों को प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान लिया जाए ताकि उचित सुधारात्मक कार्रवाई यथाशीघ्र की जा सके और राष्ट्रीय संसाधनों पर की हानि को न्यूनतम सके। इस संबंध में, इस समीक्षा में रुग्ण/दुर्बल औद्योगिक इकाइयों के प्रति बैंकों के एक्सपोजर की मार्च 2007 की स्थिति को नापने और उसका विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। यह समीक्षा चार भागों में विभक्त है। भाग II में डाटा कवरेज और भाग III में रुग्ण/दुर्बल औद्योगिक इकाइयों के प्रति बैंकों के एक्सपोजर का ब्योरा दिया गया है। चर्चा का लघु सारांश भाग IV में दिया गया है।

यद्यपि इस समीक्षा में औद्योगिक रुग्णता/दुर्बलता का परिदृश्य प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है, फिर भी यह समीक्षा इस क्षेत्र का समग्र और व्यापक दस्तावेज होने

* बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग के ओएसएमओएस प्रभाग में तैयार किया गया।

का दावा नहीं कर सकती क्योंकि सूचना का स्रोत सीमित है। यह संभव है कि सभी गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल औद्योगिक कंपनियां/इकाइयां समीक्षा में शामिल न हो पाई हो क्योंकि हो सकता है कि उनमें से कुछ का वित्तपोषण अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने न किया हो।

## II. डाटा कवरेज [1]


डाटा में गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के प्रति एक्सपोजर वाले सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कवर करता है। एक्सपोजर शून्य होने की स्थिति में इन बैंकों ने 'शून्य' विवरणी प्रस्तुत की। सूचना देने वाले बैंक अपनी संबंधित शाखाओं से डाटा इकट्ठा करते हैं और पूरे बैंक का समेकित डाटा वार्षिक आधार पर रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करते हैं।

## III. गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के प्रति बैंकों केएक्सपोजर पर चर्चा

### *III.1 समग्र स्थिति*

गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की कुल संख्या मार्च 2005 के अंत के 5,252 और मार्च 2006 के अंत के 4,540 से घटकर मार्च 2007 के अंत में 3,967 रह गई (चार्ट 1)। इसके अलावा, ऐसी इकाइयों के प्रति कुल शेष बैंक ऋण मार्च 2005 के अंत के 34,427 करोड़ रुपए और मार्च 2006 के अंत के 32,988 करोड़ रुपए से घटकर मार्च 2007 के अंत में 25,066 करोड़ रुपए रह गया (चार्ट 2)।

**चार्ट 1: गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों का मार्च 2005 के अंत से 2007 का अनुपात**




दुर्बल इकाइयों की संख्या मार्च 2005 के अंत के 774 से घटकर मार्च 2006 के अंत में 1,132 और मार्च 2007 के अंत में 1,010 रह गई। दूसरी ओर,

**सारणी 1: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की संख्या और उन्हें दिया गया अग्रिम - वर्ष वार**


(राशि करोड़ रुपए)

| वर्ष | रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की संख्या | | | रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों को दिए गए अग्रिम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | रुग्ण कंपनियां | दुर्बल इकाइयां | कुल | रुग्ण कंपनियां | दुर्बल इकाइयां | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2005 | 4,478<br>(85.3) | 774<br>(14.7) | **5,252<br>(100.0)** | 29,644<br>(86.1) | 4,783<br>(13.9) | **34,427<br>(100.0)** |
| 2006 | 3,408<br>(75.1) | 1,132<br>(24.9) | **4,540<br>(100.0)** | 26,013<br>(78.9) | 6,976<br>(21.1) | **32,988<br>(100.0)** |
| 2007 | 2,957<br>(74.5) | 1,010<br>(25.5) | **3,967<br>(100.0)** | 17,984<br>(71.7) | 7,082<br>(28.3) | **25,066<br>(100.0)** |

**टिप्पणी:** 1.कोष्ठकों के आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।
2.पूर्णांकन के कारण कुल में अंतर हो सकता है।

[1] धारणाएं/परिभाषाएं और संबंधित अधिनियम/प्रावधान अनुबंध में दिए गए हैं।

**चार्ट 2: गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों को बकाया बैंक ऋण का मार्च 2005 के अंत से 2007 का अनुपात**




रुग्ण कंपनियों की संख्या घटकर मार्च 2007 के अंत में 2,957 रह गई जो कि मार्च 2006 और 2005 के अंत में क्रमशः 3,408 और 4,478 थी। गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों को बैंक ऋण के संबंध में, रुग्ण कंपनियों का हिस्सा कम हो गया और दुर्बल इकाइयों का हिस्सा तदनुरूपी रूप से बढ़ गया।

### *III.2 उद्योग वार स्थिति*

मार्च 2007 के अंत में गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की कुल संख्या के लगभग 43 प्रतिशत हिस्सा चार प्रमुख उद्योगों, नामत: वस्त्र (19.4 प्रतिशत), रसायन (9.4 प्रतिशत), लोहा और इस्पात (7.2 प्रतिशत) और अभियांत्रिकी (6.8 प्रतिशत) का था [सारणी 2, चार्ट 3]। ऐसी इकाइयों का हिस्सा मार्च 2005 से मार्च 2007 की अवधि के दौरान वस्त्र और रसायन जैसे उद्योगों के संबंध में बढ़ गया जबकि लोहा और इस्पात तथा अभियांत्रिकी के संबंध में घट गया। यह उल्लेख किया जा सकता है कि 31.1 प्रतिशत गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियां/इकाइयां विविध उद्योगों से सी जिनमें प्लास्टिक, फार्मास्यूटिकल्स और ड्रग्स, पेट्रोलियम उत्पाद, उर्वरक, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं आदि आती हैं (विवरण I)।


गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के मार्च 2007 के अंत के अग्रिमों के संबंध में, कुल

**सारणी 2: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की संख्या - उद्योग वार**


| उद्योग | मार्च के अंत में रुग्ण कंपनियों की संख्या | | | मार्च के अंत में दुर्बल इकाइया की संख्या | | | मार्च के अंत में रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2005 | 2006 | 2007 | 2005 | 2006 | 2007 | 2005 | 2006 | 2007 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **कुल** | **4,478** | **3,408** | **2,957** | **774** | **1,132** | **1,010** | **5,252** | **4,540** | **3,967** |
| | **(100.0)** | **(100.0)** | **(100.0)** | **(100.0)** | **(100.0)** | **(100.0)** | **(100.0)** | **(100.0)** | **(100.0)** |
| *जिसमें से :* | | | | | | | | | |
| वस्त्र | 846 | 701 | 628 | 125 | 166 | 143 | 971 | 867 | 771 |
| | (18.9) | (20.6) | (21.2) | (16.1) | (14.7) | (14.2) | (18.5) | (19.1) | (19.4) |
| रसायन | 363 | 317 | 294 | 59 | 105 | 80 | 422 | 422 | 374 |
| | (8.1) | (9.3) | (9.9) | (7.6) | (9.3) | (7.9) | (8.0) | (9.3) | (9.4) |
| लोहा और इस्पात | 378 | 295 | 253 | 32 | 37 | 34 | 410 | 332 | 287 |
| | (8.4) | (8.7) | (8.6) | (4.1) | (3.3) | (3.4) | (7.8) | (7.3) | (7.2) |
| अभियांत्रिकी | 304 | 263 | 219 | 61 | 69 | 51 | 365 | 332 | 270 |
| | (6.8) | (7.7) | (7.4) | (7.9) | (6.1) | (5.0) | (6.9) | (7.3) | (6.8) |

**टिप्पणी:** 1. कोष्ठकों के आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।
2. पूर्णांकन के कारण कुल में अंतर हो सकता है।

**चार्ट 3: गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों का मार्च 2007 के अंत में प्रमुख उद्योगों के अनुसार वर्गीकरण**




**चार्ट 4: गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों का मार्च 2007 के अंत में प्रमुख उद्योगों के अनुसार बकाया बैंक ऋण का वर्गीकरण**




अग्रिमों में से 47 हिस्सा मात्र चार प्रमुख उद्योगों, नामत: वस्त्र (19.1 प्रतिशत), रसायन (9.3 प्रतिशत), अभियांत्रिकी (9.5 प्रतिशत) और लोहा और इस्पात (9.2 प्रतिशत) में संकेंद्रित था [सारणी 3]। इसके अलावा, कुल अग्रिमों के एक-चौथाई से भी अधिक हिस्सा मार्च 2007 के अंत में विविध उद्योगों से संबंधित था (विवरण II)।

### *III. 3 उद्योग और क्षेत्र वार स्थिति*

विभिन्न उद्योंगों में गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की मार्च 2007 के अंत से 2007 की क्षेत्र वार संख्या सारणी 4 में दी गई है। मार्च 2007 के अंत की ऐसी इकाइयों की कुल संख्या में से मात्र 6.8 प्रतिशत सरकारी क्षेत्र के उद्योगों मे से थीं। इसके अलावा, सरकारी क्षेत्र की


**सारणी 3: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों को अग्रिम - उद्योग वार**

(राशि करोड़ रुपए)

| उद्योग | मार्च के अंत में रुग्ण कंपनियों को अग्रिम | | | मार्च के अंत में दुर्बल इकाइया को अग्रिम | | | मार्च के अंत में रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों को कुल अग्रिम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2005** | **2006** | **2007** | **2005** | **2006** | **2007** | **2005** | **2006** | **2007** |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **कुल** | **29,644 (100.0)** | **26,013 (100.0)** | **17,984 (100.0)** | **4,783 (100.0)** | **6,976 (100.0)** | **7,082 (100.0)** | **34,427 (100.0)** | **32,988 (100.0)** | **25,066 (100.0)** |
| *जिसमें से :* | | | | | | | | | |
| वस्त्र | 5,658 (19.1) | 5,159 (19.8) | 3,360 (18.7) | 533 (11.1) | 1,099 (15.8) | 1,425 (20.1) | 6,191 (18.0) | 6,258 (19.0) | 4,785 (19.1) |
| अभियांत्रिकी | 2,250 (7.6) | 2,504 (9.6) | 2,221 (12.3) | 377 (7.9) | 324 (4.6) | 154 (2.2) | 2,627 (7.6) | 2,828 (8.6) | 2,374 (9.5) |
| रसायन | 2,039 (6.9) | 2,252 (8.7) | 1,852 (10.3) | 445 (9.3) | 681 (9.8) | 473 (6.7) | 2,484 (7.2) | 2,933 (8.9) | 2,325 (9.3) |
| लोहा और इस्पात | 3,100 (10.5) | 2,257 (8.7) | 1,867 (10.4) | 194 (4.0) | 457 (6.6) | 428 (6.0) | 3,294 (9.6) | 2,714 (8.2) | 2,295 (9.2) |

**टिप्पणी:** 1. कोष्ठकों के आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।
2. पूर्णांकन के कारण कुल में अंतर हो सकता है।

**चार्ट 5: गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की मार्च 2007 के अंत की प्रमुख उद्योगों और सरकारी क्षेत्र के अनुसार स्थिति**





कुल गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों में से 7.9 प्रतिशत रुग्ण कंपनियां और 3.8 प्रतिशत दुर्बल इकाइयां थीं। गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की कुल संख्या मार्च 2005 के अंत के 5,252 से कम होकर मार्च 2007 के अंत में 3,967 रह जाने की तर्ज पर सरकारी क्षेत्र की गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की संख्या मार्च 2005 के अंत के 349 से कम होकर मार्च 2007 के अंत में 271 रह गई। गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की उद्योग और क्षेत्र वार संख्या के विस्तृत आंकड़े विवरण III में दिए गए हैं।

**सारणी 4: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की उद्योग वार संख्या - क्षेत्रानुसार**

| उद्योग | वर्ष | रुग्ण कंपनियों की संख्या | | | दुर्बल इकाइयों की संख्या | | | रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | जिसमें से सरकारी क्षेत्र | | कुल | जिसमें से सरकारी क्षेत्र | | कुल | जिसमें से सरकारी क्षेत्र | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| **कुल** | **2005** | **4,478** | **315** | **(7.0)** | **774** | **34** | **(4.4)** | **5,252** | **349** | **(6.6)** |
| | **2006** | **3,408** | **269** | **(7.9)** | **1,132** | **41** | **(3.6)** | **4,540** | **310** | **(6.8)** |
| | **2007** | **2,957** | **233** | **(7.9)** | **1,010** | **38** | **(3.8)** | **3,967** | **271** | **(6.8)** |
| *जिनमें से* | | | | | | | | | | |
| चीनी | 2005 | 41 | 8 | (19.5) | 10 | 3 | (30.0) | 51 | 11 | (21.6) |
| | 2006 | 39 | 7 | (17.9) | 16 | 0 | (0.0) | 55 | 7 | (12.7) |
| | 2007 | 32 | 8 | (25.0) | 14 | 2 | (14.3) | 46 | 10 | (21.7) |
| वाहन और परिवहन उपकरण | 2005 | 41 | 6 | (14.6) | 9 | 0 | (0.0) | 50 | 6 | (12.0) |
| | 2006 | 35 | 8 | (22.9) | 9 | 1 | (11.1) | 44 | 9 | (20.5) |
| | 2007 | 32 | 6 | (18.8) | 10 | 1 | (10.0) | 42 | 7 | (16.7) |
| अभियांत्रिकी | 2005 | 304 | 42 | (13.8) | 61 | 6 | (9.8) | 365 | 48 | (13.2) |
| | 2006 | 263 | 44 | (16.7) | 69 | 6 | (8.7) | 332 | 50 | (15.1) |
| | 2007 | 219 | 42 | (19.2) | 51 | 5 | (9.8) | 270 | 47 | (17.4) |
| जूट | 2005 | 18 | 7 | (38.9) | 1 | 0 | (0.0) | 19 | 7 | (36.8) |
| | 2006 | 15 | 4 | (26.7) | 2 | 1 | (50.0) | 17 | 5 | (29.4) |
| | 2007 | 14 | 2 | (14.3) | 2 | 0 | (0.0) | 16 | 2 | (12.5) |

**टिप्पणी:** कोष्ठकों के आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।

**चार्ट 6: गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के अग्रिमों की मार्च 2007 के अंत की प्रमुख उद्योगों और सरकारी क्षेत्र के अनुसार स्थिति**




गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के कुल अग्रिमों में सरकारी क्षेत्र के अग्रिमों का हिस्सा मार्च 2005 के अंत के 12.6 प्रतिशत से थोड़ा बढ़ कर मार्च 2007 के अंत में 12.9 प्रतिशत हो गया (सारणी 5)। इसके अलावा, सरकारी क्षेत्र की गैर-एसएसआइ रुग्ण कंपनियों के अग्रिमों का हिस्सा मार्च 2005 के अंत के 13.0 प्रतिशत से थोड़ा बढ़ कर मार्च 2007 के अंत में 13.1 प्रतिशत हो गया और सरकारी क्षेत्र की गैर-एसएसआइ दुर्बल इकाइयों के संबंध में मार्च 2005 के अंत के 10.4 प्रतिशत से थोड़ा बढ़ कर मार्च 2007 के अंत में 12.4 प्रतिशत हो गया। गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के अग्रिमों के उद्योग और क्षेत्र वार वर्गीकरण के संबंध में, 'अभियांत्रिकी'


**सारणी 5: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के उद्योग वार अग्रिम - क्षेत्रानुसार**

(राशि करोड़ रुपए)

| उद्योग | वर्ष | रुग्ण कंपनियों को अग्रिम | | | दुर्बल इकाइयों को अग्रिम | | | रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों को कुल अग्रिम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | जिसमें से सरकारी क्षेत्र | | कुल | जिसमें से सरकारी क्षेत्र | | कुल | जिसमें से सरकारी क्षेत्र | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| **कुल** | **2005**<br>**2006**<br>**2007** | **29,644**<br>**26,013**<br>**17,984** | **3,846**<br>**3,181**<br>**2,352** | **(13.0)**<br>**(12.2)**<br>**(13.1)** | **4,783**<br>**6,976**<br>**7,082** | **496**<br>**830**<br>**878** | **(10.4)**<br>**(11.9)**<br>**(12.4)** | **34,427**<br>**32,988**<br>**25,066** | **4,342**<br>**4,010**<br>**3,230** | **(12.6)**<br>**(12.2)**<br>**(12.9)** |
| *जिनमें से* | | | | | | | | | | |
| अभियांत्रिकी | 2005<br>2006<br>2007 | 2,250<br>2,504<br>2,221 | 904<br>1,296<br>904 | (40.2)<br>(51.7)<br>(40.7) | 377<br>324<br>154 | 92<br>42<br>43 | (24.4)<br>(13.0)<br>(28.1) | 2,627<br>2,828<br>2,374 | 996<br>1,338<br>947 | (37.9)<br>(47.3)<br>(39.9) |
| इलेक्ट्रिकल | 2005<br>2006<br>2007 | 1,517<br>1,203<br>1,054 | 586<br>278<br>177 | (38.6)<br>(23.1)<br>(16.8) | 239<br>324<br>334 | 5<br>25<br>70 | (1.9)<br>(7.6)<br>(20.8) | 1,756<br>1,527<br>1,388 | 591<br>302<br>247 | (33.6)<br>(19.8)<br>(17.8) |
| वाहन और परिवहन उपकरण | 2005<br>2006<br>2007 | 1,034<br>341<br>238 | 78<br>94<br>74 | (7.5)<br>(27.5)<br>(31.0) | 82<br>161<br>174 | 0<br>15<br>15 | (0.0)<br>(9.6)<br>(8.9) | 1,116<br>501<br>412 | 78<br>109<br>89 | (7.0)<br>(21.7)<br>(21.7) |

**टिप्पणी:** कोष्ठकों के आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।

**चार्ट 7: गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों का मार्च 2005 के अंत से मार्च 2007 का बैंक समूह वार वर्गीकरण**




उद्योग की सरकारी क्षेत्र की कंपनियों/इकाइयों का हिस्सा इस उद्योग की कंपनियों/इकाइयों के अग्रिमों के 39.9 प्रतिशत था। गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के उद्योग और क्षेत्र वार अग्रिमों के विस्तृत आंकड़े विवरण IV में दिए गए हैं।

### *III.4 बैंक समूह वार स्थिति*

गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों का मार्च 2005 के अंत से मार्च 2007 का बैंक समूह वार वर्गीकरण दर्शाता है कि राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा मार्च 2007 के अंत में 52.1 प्रतिशत गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों को उधार दिया गया था जबकि मार्च 2005 के अंत में यह 54.1 प्रतिशत था (सारणी 6)। दूसरी ओर, निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा वित्तपोषित गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की स्थिति मार्च 2005 के 30.9 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2007 के अंत में 32.3 प्रतिशत हो गई। जहां एसबीआइ और उसके सहयागी बैंकों द्वारा वित्तपोषित कुल गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियां/इकाइयां मार्च 2005 के अंत के 13.1 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2007 के अंत में 13.5 प्रतिशत हुईं, वहीं विदेशी बैंकों का हिस्सा 2.0 प्रतिशत के आसपास बना रहा।


गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के बैंक समूह वार अग्रिमों के वर्गीकरण के संबंध में, मार्च 2007 के अंत में निजी बैंकों का हिस्सा लगातार उच्चतम बना रहा (सारणी 7)। किंतु, यह मार्च 2005 के अंत के 49.8 प्रतिशत से कम होकर मार्च 2007 के अंत में 39.4 प्रतिशत रह गया। दूसरी ओर, इसी अवधि के दौरान राष्ट्रीयकृत बैंकों और एसबीआइ और उसके सहयागी बैंकों के हिस्सों में वृद्धि हुई।

**सारणी 6: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की संख्या - बैंक समूह वार**

| बैंक समूह | मार्च के अंत में रुग्ण कंपनियों की संख्या | | | मार्च के अंत में दुर्बल इकाइयों की संख्या | | | मार्च के अंत में रुग्ण/दुर्बल कंपनियों / इकाइयों की कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2005 | 2006 | 2007 | 2005 | 2006 | 2007 | 2005 | 2006 | 2007 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| एसबीआइ और उसके सहयागी बैंक | 580 (13.0) | 575 (16.9) | 427 (14.4) | 108 (14.0) | 147 (13.0) | 107 (10.6) | 688 (13.1) | 722 (15.9) | 534 (13.5) |
| राष्ट्रीयकृत बैंक | 2,510 (56.1) | 2,012 (59.0) | 1,743 (58.9) | 330 (42.6) | 357 (31.5) | 325 (32.2) | 2,840 (54.1) | 2,369 (52.2) | 2,068 (52.1) |
| निजी बैंक | 1,305 (29.1) | 745 (21.9) | 725 (24.5) | 317 (41.0) | 602 (53.2) | 564 (55.8) | 1,622 (30.9) | 1,347 (29.7) | 1,289 (32.5) |
| विदेशी बैंक | 83 (1.9) | 76 (2.2) | 62 (2.1) | 19 (2.5) | 26 (2.3) | 14 (1.4) | 102 (1.9) | 102 (2.2) | 76 (1.9) |
| **कुल** | **4,478 (100.0)** | **3,408 (100.0)** | **2,957 (100.0)** | **774 (100.0)** | **1,132 (100.0)** | **1,010 (100.0)** | **5,252 (100.0)** | **4,540 (100.0)** | **3,967 (100.0)** |

**टिप्पणी:** 1. कोष्ठकों के आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।
2. पूर्णांकन के कारण कुल में अंतर हो सकता है।

**चार्ट 8: गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के मार्च 2005 के अंत से मार्च 2007 के बकाया अग्रिमों का बैंक समूहवार वर्गीकरण**




### *III.5 बैंक समूह और उद्योग वार स्थिति*

विवरण V में दिए गए गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की मार्च 2005 के अंत से 2007 तक की संख्या के उद्योग और बैंक समूह वार वर्गीकरण से पता चलता है कि राष्ट्रीयकृत बैंकों और निजी बैंकों का अधिकतम एक्सपोजर 'वस्त्र' और 'रसायन' उद्योगों की अनेक इकाइयों के प्रति था। दूसरी ओर, मार्च 2007 के अंत में, एसबीआइ और उसके सहयागी बैंकों और विदेशी बैंकों का एक्सपोजर मुख्यत: 'वस्त्र' और 'अभियांत्रिकी' उद्योगों की कंपनियों/इकाइयों के प्रति था।

यह देखा जा सकता है कि मार्च 2007 के अंत में गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के बकाया बैंक ऋण का बड़ा हिस्सा वस्त्र, लोहा और इस्पात, अभियांत्रिकी और रसायन उद्योगों की कंपनियों/इकाइयों के प्रति था (विवरण VI)। जहां ऐसी इकाइयों को राष्ट्रीयकृत बैंकों से प्राप्त अग्रिमों का बड़ा भाग वस्त्र, लोहा और इस्पात और रसायन उद्योगों की इकाइयों में विभाजित था, वहीं अभियांत्रिकी और वस्त्र उद्योंगों की इकाइयों के अग्रिमों में अधिकांश हिस्सा एसबीआइ और उसके सहयोगी बैंकों का था। निजी बैंकों के मामले में, गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों को ऋण का मुख्य हिस्सा वस्त्र उद्योग का था।

**सारणी 7: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों को अग्रिम - बैंक समूह वार**

(राशि करोड़ रुपए)

| बैंक समूह | मार्च के अंत में रुग्ण कंपनियों को अग्रिम | | | मार्च के अंत में दुर्बल इकाइयों को अग्रिम | | | मार्च के अंत में रुग्ण/दुर्बल कंपनियों / इकाइयों को कुल अग्रिम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2005** | **2006** | **2007** | **2005** | **2006** | **2007** | **2005** | **2006** | **2007** |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| एसबीआइ और उसके सहयागी बैंक | 4,086<br>(13.8) | 4,605<br>(17.7) | 3,676<br>(20.4) | 1,403<br>(29.3) | 1,479<br>(21.2) | 1,350<br>(19.1) | 5,488<br>(15.9) | 6,084<br>(18.4) | 5,026<br>(20.1) |
| राष्ट्रीयकृत बैंक | 9,604<br>(32.4) | 9,480<br>(36.4) | 7,614<br>(42.3) | 1,504<br>(31.4) | 1,855<br>(26.6) | 2,113<br>(29.8) | 11,108<br>(32.3) | 11,334<br>(34.4) | 9,727<br>(38.8) |
| निजी बैंक | 15,346<br>(51.8) | 11,499<br>(44.2) | 6,303<br>(35.0) | 1,796<br>(37.5) | 3,557<br>(51.0) | 3,563<br>(50.3) | 17,142<br>(49.8) | 15,056<br>(45.6) | 9,866<br>(39.4) |
| विदेशी बैंक | 608<br>(2.0) | 430<br>(1.7) | 391<br>(2.2) | 80<br>(1.7) | 85<br>(1.2) | 56<br>(0.8) | 688<br>(2.0) | 514<br>(1.6) | 447<br>(1.8) |
| **कुल** | **29,644**<br>**(100.0)** | **26,013**<br>**(100.0)** | **17,984**<br>**(100.0)** | **4,783**<br>**(100.0)** | **6,976**<br>**(100.0)** | **7,082**<br>**(100.0)** | **34,427**<br>**(100.0)** | **32,988**<br>**(100.0)** | **25,066**<br>**(100.0)** |

**टिप्पणी:** 1. कोष्ठकों के आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।
2. पूर्णांकन के कारण कुल में अंतर हो सकता है।

## IV. सारांश

गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों का बकाया कुल बैंक ऋण मार्च 2005 के अंत के 34,427 करोड़ रुपए से कम होकर मार्च 2006 के अंत में 32,988 करोड़ रुपए और मार्च 2007 के अंत में 25,066 करोड़ रुपए रह गया। इसके अलावा, ऐसी कंपनियों/इकाइयों की कुल संख्या मार्च 2005 के अंत के 5,252 से कम होकर मार्च 2006 के अंत में 4,540 और मार्च 2007 के अंत में 3,967 रह गई।

वित्तपोषित गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की मार्च 2007 के अंत की स्थिति के संबंध में, लगभग 43 प्रतिशत चार उद्योगों, नामत: वस्त्र, रसायन, लोहा और इस्पात तथा अभियांत्रिकी से थीं। ऐसी इकाइयों के अग्रिमों की मार्च 2007 के अंत की स्थिति के संबंध में, कुल अग्रिमों का लगभग 47 प्रतिशत भाग इन चार उद्योगों, नामत: वस्त्र, रसायन, अभियांत्रिकी और लोहा तथा इस्पात में संकेंद्रित था। मार्च 2007 के अंत की गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की कुल संख्या में से, मात्र 6.8 प्रतिशत इकाइयां सरकारी क्षेत्र से थीं। इसके अलावा, कुल अग्रिमों में सरकारी क्षेत्र की गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के अग्रिमों का हिस्सा मार्च 2007 के अंत में 12.9 प्रतिशत था।

मार्च 2007 के अंत की बैंक समूह स्थिति ने दर्शाया कि वित्तपोषित 50 प्रतिशत से अधकि गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों ने राष्ट्रीयकृत बैंकों से अग्रिम लिए थे। किंतु, गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के अग्रिमों के संबंध में, निजी बैंकों का हिस्सा मार्च 2007 के अंत में सर्वाधिक (39.4 प्रतिशत) बना रहा।

**विवरण I: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की संख्या - उद्योग वार**

| उद्योग | मार्च के अंत में रुग्ण कंपनियों की संख्या | | | मार्च के अंत में दुर्बल इकाइयों की संख्या | | | मार्च के अंत में रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2005 | 2006 | 2007 | 2005 | 2006 | 2007 | 2005 | 2006 | 2007 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| सीमेंट | 135<br>(3.0) | 96<br>(2.8) | 81<br>(2.7) | 31<br>(4.0) | 36<br>(3.2) | 23<br>(2.3) | 166<br>(3.2) | 132<br>(2.9) | 104<br>(2.6) |
| रसायन | 363<br>(8.1) | 317<br>(9.3) | 294<br>(9.9) | 59<br>(7.6) | 105<br>(9.3) | 80<br>(7.9) | 422<br>(8.0) | 422<br>(9.3) | 374<br>(9.4) |
| इलेक्ट्रिकल | 159<br>(3.6) | 155<br>(4.5) | 133<br>(4.5) | 38<br>(4.9) | 47<br>(4.2) | 36<br>(3.6) | 197<br>(3.8) | 202<br>(4.4) | 169<br>(4.3) |
| अभियांत्रिकी | 304<br>(6.8) | 263<br>(7.7) | 219<br>(7.4) | 61<br>(7.9) | 69<br>(6.1) | 51<br>(5.0) | 365<br>(6.9) | 332<br>(7.3) | 270<br>(6.8) |
| खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण | 154<br>(3.4) | 131<br>(3.8) | 108<br>(3.7) | 34<br>(4.4) | 37<br>(3.3) | 41<br>(4.1) | 188<br>(3.6) | 168<br>(3.7) | 149<br>(3.8) |
| रत्न और आभूषण | 20<br>(0.4) | 20<br>(0.6) | 13<br>(0.4) | 3<br>(0.4) | 2<br>(0.2) | 3<br>(0.3) | 23<br>(0.4) | 22<br>(0.5) | 16<br>(0.4) |
| लोहा और इस्पात | 378<br>(8.4) | 295<br>(8.7) | 253<br>(8.6) | 32<br>(4.1) | 37<br>(3.3) | 34<br>(3.4) | 410<br>(7.8) | 332<br>(7.3) | 287<br>(7.2) |
| जूट | 18<br>(0.4) | 15<br>(0.4) | 14<br>(0.5) | 1<br>(0.1) | 2<br>(0.2) | 2<br>(0.2) | 19<br>(0.4) | 17<br>(0.4) | 16<br>(0.4) |
| चमड़ा और उसके उत्पाद | 60<br>(1.3) | 41<br>(1.2) | 37<br>(1.3) | 9<br>(1.2) | 18<br>(1.6) | 14<br>(1.4) | 69<br>(1.3) | 59<br>(1.3) | 51<br>(1.3) |
| धातु और उसके उत्पाद | 157<br>(3.5) | 131<br>(3.8) | 111<br>(3.8) | 28<br>(3.6) | 55<br>(4.9) | 65<br>(6.4) | 185<br>(3.5) | 186<br>(4.1) | 176<br>(4.4) |
| विविध | 1,483<br>(33.1) | 914<br>(26.8) | 801<br>(27.1) | 287<br>(37.1) | 471<br>(41.6) | 432<br>(42.8) | 1,770<br>(33.7) | 1,385<br>(30.5) | 1,233<br>(31.1) |
| कागज और उसके उत्पाद | 161<br>(3.6) | 128<br>(3.8) | 110<br>(3.7) | 26<br>(3.4) | 29<br>(2.6) | 33<br>(3.3) | 187<br>(3.6) | 157<br>(3.5) | 143<br>(3.6) |
| रबर और उसके उत्पाद | 40<br>(0.9) | 36<br>(1.1) | 23<br>(0.8) | 3<br>(0.4) | 4<br>(0.4) | 6<br>(0.6) | 43<br>(0.8) | 40<br>(0.9) | 29<br>(0.7) |
| चीनी | 41<br>(0.9) | 39<br>(1.1) | 32<br>(1.1) | 10<br>(1.3) | 16<br>(1.4) | 14<br>(1.4) | 51<br>(1.0) | 55<br>(1.2) | 46<br>(1.2) |
| वस्त्र | 846<br>(18.9) | 701<br>(20.6) | 628<br>(21.2) | 125<br>(16.1) | 166<br>(14.7) | 143<br>(14.2) | 971<br>(18.5) | 867<br>(19.1) | 771<br>(19.4) |
| तंबाकू और उसके उत्पाद | 6<br>(0.1) | 5<br>(0.1) | 5<br>(0.2) | 1<br>(0.1) | 1<br>(0.1) | 1<br>(0.1) | 7<br>(0.1) | 6<br>(0.1) | 6<br>(0.2) |
| वनस्पति तेल और वनस्पति | 112<br>(2.5) | 86<br>(2.5) | 63<br>(2.1) | 17<br>(2.2) | 28<br>(2.5) | 22<br>(2.2) | 129<br>(2.5) | 114<br>(2.5) | 85<br>(2.1) |
| वाहन और परिवहन उपकरण | 41<br>(0.9) | 35<br>(1.0) | 32<br>(1.1) | 9<br>(1.2) | 9<br>(0.8) | 10<br>(1.0) | 50<br>(1.0) | 44<br>(1.0) | 42<br>(1.1) |
| **कुल** | **4,478<br>(100.0)** | **3,408<br>(100.0)** | **2,957<br>(100.0)** | **774<br>(100.0)** | **1,132<br>(100.0)** | **1,010<br>(100.0)** | **5,252<br>(100.0)** | **4,540<br>(100.0)** | **3,967<br>(100.0)** |

**टिप्पणी:** कोष्ठकों के आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।

**विवरण II: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों को अग्रिम - उद्योग वार**

(राशि करोड़ रुपए में)

| उद्योग | मार्च के अंत में रुग्ण कंपनियों की संख्या | | | मार्च के अंत में दुर्बल इकाइयों की संख्या | | | मार्च के अंत में रुग्ण/ दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2005** | **2006** | **2007** | **2005** | **2006** | **2007** | **2005** | **2006** | **2007** |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| सीमेंट | 1,236<br>(4.2) | 1,198<br>(4.6) | 386<br>(2.1) | 180<br>(3.8) | 189<br>(2.7) | 122<br>(1.7) | 1,416<br>(4.1) | 1,387<br>(4.2) | 508<br>(2.0) |
| रसायन | 2,039<br>(6.9) | 2,252<br>(8.7) | 1,852<br>(10.3) | 445<br>(9.3) | 681<br>(9.8) | 473<br>(6.7) | 2,484<br>(7.2) | 2,933<br>(8.9) | 2,325<br>(9.3) |
| इलेक्ट्रिकल | 1,517<br>(5.1) | 1,203<br>(4.6) | 1,054<br>(5.9) | 239<br>(5.0) | 324<br>(4.6) | 334<br>(4.7) | 1,756<br>(5.1) | 1,527<br>(4.6) | 1,388<br>(5.5) |
| अभियांत्रिकी | 2,250<br>(7.6) | 2,504<br>(9.6) | 2,221<br>(12.3) | 377<br>(7.9) | 324<br>(4.6) | 154<br>(2.2) | 2,627<br>(7.6) | 2,828<br>(8.6) | 2,374<br>(9.5) |
| खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण | 1,155<br>(3.9) | 737<br>(2.8) | 360<br>(2.0) | 94<br>(2.0) | 121<br>(1.7) | 761<br>(10.8) | 1,250<br>(3.6) | 858<br>(2.6) | 1,122<br>(4.5) |
| रत्न और आभूषण | 152<br>(0.5) | 197<br>(0.8) | 104<br>(0.6) | 46<br>(1.0) | 4<br>(0.1) | 16<br>(0.2) | 197<br>(0.6) | 200<br>(0.6) | 120<br>(0.5) |
| लोहा और इस्पात | 3,100<br>(10.5) | 2,257<br>(8.7) | 1,867<br>(10.4) | 194<br>(4.0) | 457<br>(6.6) | 428<br>(6.0) | 3,294<br>(9.6) | 2,714<br>(8.2) | 2,295<br>(9.2) |
| जूट | 56<br>(0.2) | 44<br>(0.2) | 46<br>(0.3) | 4<br>(0.1) | 9<br>(0.1) | 11<br>(0.2) | 60<br>(0.2) | 53<br>(0.2) | 58<br>(0.2) |
| चमड़ा और उसके उत्पाद | 374<br>(1.3) | 380<br>(1.5) | 258<br>(1.4) | 20<br>(0.4) | 37<br>(0.5) | 39<br>(0.5) | 393<br>(1.1) | 417<br>(1.3) | 297<br>(1.2) |
| धातु और उसके उत्पाद | 1,381<br>(4.7) | 1,143<br>(4.4) | 995<br>(5.5) | 116<br>(2.4) | 242<br>(3.5) | 364<br>(5.1) | 1,497<br>(4.3) | 1,385<br>(4.2) | 1,359<br>(5.4) |
| विविध | 8,112<br>(27.4) | 7,098<br>(27.3) | 4,125<br>(22.9) | 2,082<br>(43.5) | 2,700<br>(38.7) | 2,341<br>(33.0) | 10,194<br>(29.6) | 9,798<br>(29.7) | 6,465<br>(25.8) |
| कागज और उसके उत्पाद | 510<br>(1.7) | 486<br>(1.9) | 425<br>(2.4) | 97<br>(2.0) | 120<br>(1.7) | 115<br>(1.6) | 607<br>(1.8) | 606<br>(1.8) | 540<br>(2.2) |
| रबर और उसके उत्पाद | 143<br>(0.5) | 137<br>(0.5) | 133<br>(0.7) | 13<br>(0.3) | 117<br>(1.7) | 97<br>(1.4) | 156<br>(0.5) | 254<br>(0.8) | 230<br>(0.9) |
| चीनी | 381<br>(1.3) | 351<br>(1.3) | 230<br>(1.3) | 208<br>(4.3) | 268<br>(3.8) | 122<br>(1.7) | 589<br>(1.7) | 619<br>(1.9) | 352<br>(1.4) |
| वस्त्र | 5,658<br>(19.1) | 5,159<br>(19.8) | 3,360<br>(18.7) | 533<br>(11.1) | 1,099<br>(15.8) | 1,425<br>(20.1) | 6,191<br>(18.0) | 6,258<br>(19.0) | 4,785<br>(19.1) |
| तंबाकू और उसके उत्पाद | 18<br>(0.1) | 12<br>(0.0) | 6<br>(0.0) | 5<br>(0.1) | 5<br>(0.1) | 4<br>(0.1) | 23<br>(0.1) | 17<br>(0.1) | 10<br>(0.0) |
| वनस्पति तेल और वनस्पति | 528<br>(1.8) | 517<br>(2.0) | 324<br>(1.8) | 49<br>(1.0) | 118<br>(1.7) | 103<br>(1.5) | 576<br>(1.7) | 635<br>(1.9) | 427<br>(1.7) |
| वाहन और परिवहन उपकरण | 1,034<br>(3.5) | 341<br>(1.3) | 238<br>(1.3) | 82<br>(1.7) | 161<br>(2.3) | 174<br>(2.4) | 1,116<br>(3.2) | 501<br>(1.5) | 412<br>(1.6) |
| **कुल** | **29,644<br>(100.0)** | **26,013<br>(100.0)** | **17,984<br>(100.0)** | **4,783<br>(100.0)** | **6,976<br>(100.0)** | **7,082<br>(100.0)** | **34,427<br>(100.0)** | **32,988<br>(100.0)** | **25,066<br>(100.0)** |

**टिप्पणी:** 1. कोष्ठकों के आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।
2. पूर्णांकन के कारण कुल में अंतर हो सकता है।

**विवरण III: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की उद्योग वार संख्या - क्षेत्रानुसार**

| उद्योग | वर्ष | रुग्ण कंपनियों की संख्या | | | दुर्बल इकाइयों की संख्या | | | रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | जिसमें से सरकारी क्षेत्र | | कुल | जिसमें से सरकारी क्षेत्र | | कुल | जिसमें से सरकारी क्षेत्र | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| सीमेंट | 2005 | 135 | 13 | (9.6) | 31 | 0 | (0.0) | 166 | 13 | (7.8) |
| | 2006 | 96 | 9 | (9.4) | 36 | 0 | (0.0) | 132 | 9 | (6.8) |
| | 2007 | 81 | 11 | (13.6) | 23 | 0 | (0.0) | 104 | 11 | (10.6) |
| रसायन | 2005 | 363 | 27 | (7.4) | 59 | 2 | (3.4) | 422 | 29 | (6.9) |
| | 2006 | 317 | 23 | (7.3) | 105 | 2 | (1.9) | 422 | 25 | (5.9) |
| | 2007 | 294 | 16 | (5.4) | 80 | 4 | (5.0) | 374 | 20 | (5.3) |
| इलेक्ट्रिकल | 2005 | 159 | 24 | (15.1) | 38 | 3 | (7.9) | 197 | 27 | (13.7) |
| | 2006 | 155 | 19 | (12.3) | 47 | 4 | (8.5) | 202 | 23 | (11.4) |
| | 2007 | 133 | 13 | (9.8) | 36 | 3 | (8.3) | 169 | 16 | (9.5) |
| अभियांत्रिकी | 2005 | 304 | 42 | (13.8) | 61 | 6 | (9.8) | 365 | 48 | (13.2) |
| | 2006 | 263 | 44 | (16.7) | 69 | 6 | (8.7) | 332 | 50 | (15.1) |
| | 2007 | 219 | 42 | (19.2) | 51 | 5 | (9.8) | 270 | 47 | (17.4) |
| खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण | 2005 | 154 | 8 | (5.2) | 34 | 1 | (2.9) | 188 | 9 | (4.8) |
| | 2006 | 131 | 9 | (6.9) | 37 | 1 | (2.7) | 168 | 10 | (6.0) |
| | 2007 | 108 | 7 | (6.5) | 41 | 2 | (4.9) | 149 | 9 | (6.0) |
| रत्न और आभूषण | 2005 | 20 | 0 | (0.0) | 3 | 0 | (0.0) | 23 | 0 | (0.0) |
| | 2006 | 20 | 0 | (0.0) | 2 | 0 | (0.0) | 22 | 0 | (0.0) |
| | 2007 | 13 | 0 | (0.0) | 3 | 0 | (0.0) | 16 | 0 | (0.0) |
| लोहा और इस्पात | 2005 | 378 | 16 | (4.2) | 32 | 1 | (3.1) | 410 | 17 | (4.1) |
| | 2006 | 295 | 13 | (4.4) | 37 | 3 | (8.1) | 332 | 16 | (4.8) |
| | 2007 | 253 | 13 | (5.1) | 34 | 2 | (5.9) | 287 | 15 | (5.2) |
| जूट | 2005 | 18 | 7 | (38.9) | 1 | 0 | (0.0) | 19 | 7 | (36.8) |
| | 2006 | 15 | 4 | (26.7) | 2 | 1 | (50.0) | 17 | 5 | (29.4) |
| | 2007 | 14 | 2 | (14.3) | 2 | 0 | (0.0) | 16 | 2 | (12.5) |
| चमड़ा और उसके उत्पाद | 2005 | 60 | 5 | (8.3) | 9 | 0 | (0.0) | 69 | 5 | (7.2) |
| | 2006 | 41 | 1 | (2.4) | 18 | 0 | (0.0) | 59 | 1 | (1.7) |
| | 2007 | 37 | 0 | (0.0) | 14 | 0 | (0.0) | 51 | 0 | (0.0) |
| धातु और उसके उत्पाद | 2005 | 157 | 9 | (5.7) | 28 | 1 | (3.6) | 185 | 10 | (5.4) |
| | 2006 | 131 | 4 | (3.1) | 55 | 1 | (1.8) | 186 | 5 | (2.7) |
| | 2007 | 111 | 3 | (2.7) | 65 | 1 | (1.5) | 176 | 4 | (2.3) |
| विविध | 2005 | 1,483 | 60 | (4.0) | 287 | 8 | (2.8) | 1,770 | 68 | (3.8) |
| | 2006 | 914 | 62 | (6.8) | 471 | 13 | (2.8) | 1,385 | 75 | (5.4) |
| | 2007 | 801 | 50 | (6.2) | 432 | 12 | (2.8) | 1,233 | 62 | (5.0) |
| कागज और उसके उत्पाद | 2005 | 161 | 10 | (6.2) | 26 | 1 | (3.8) | 187 | 11 | (5.9) |
| | 2006 | 128 | 8 | (6.3) | 29 | 1 | (3.4) | 157 | 9 | (5.7) |
| | 2007 | 110 | 7 | (6.4) | 33 | 0 | (0.0) | 143 | 7 | (4.9) |
| रबर और उसके उत्पाद | 2005 | 40 | 2 | (5.0) | 3 | 0 | (0.0) | 43 | 2 | (4.7) |
| | 2006 | 36 | 2 | (5.6) | 4 | 0 | (0.0) | 40 | 2 | (5.0) |
| | 2007 | 23 | 3 | (13.0) | 6 | 0 | (0.0) | 29 | 3 | (10.3) |
| चीनी | 2005 | 41 | 8 | (19.5) | 10 | 3 | (30.0) | 51 | 11 | (21.6) |
| | 2006 | 39 | 7 | (17.9) | 16 | 0 | (0.0) | 55 | 7 | (12.7) |
| | 2007 | 32 | 8 | (25.0) | 14 | 2 | (14.3) | 46 | 10 | (21.7) |
| वस्त्र | 2005 | 846 | 66 | (7.8) | 125 | 8 | (6.4) | 971 | 74 | (7.6) |
| | 2006 | 701 | 53 | (7.6) | 166 | 8 | (4.8) | 867 | 61 | (7.0) |
| | 2007 | 628 | 51 | (8.1) | 143 | 6 | (4.2) | 771 | 57 | (7.4) |
| तंबाकू और उसके उत्पाद | 2005 | 6 | 0 | (0.0) | 1 | 0 | (0.0) | 7 | 0 | (0.0) |
| | 2006 | 5 | 0 | (0.0) | 1 | 0 | (0.0) | 6 | 0 | (0.0) |
| | 2007 | 5 | 0 | (0.0) | 1 | 0 | (0.0) | 6 | 0 | (0.0) |
| वनस्पति तेल और वनस्पति | 2005 | 112 | 12 | (10.7) | 17 | 0 | (0.0) | 129 | 12 | (9.3) |
| | 2006 | 86 | 3 | (3.5) | 28 | 0 | (0.0) | 114 | 3 | (2.6) |
| | 2007 | 63 | 1 | (1.6) | 22 | 0 | (0.0) | 85 | 1 | (1.2) |
| वाहन और परिवहन उपकरण | 2005 | 41 | 6 | (14.6) | 9 | 0 | (0.0) | 50 | 6 | (12.0) |
| | 2006 | 35 | 8 | (22.9) | 9 | 1 | (11.1) | 44 | 9 | (20.5) |
| | 2007 | 32 | 6 | (18.8) | 10 | 1 | (10.0) | 42 | 7 | (16.7) |
| **कुल** | **2005** | **4,478** | **315** | **(7.0)** | **774** | **34** | **(4.4)** | **5,252** | **349** | **(6.6)** |
| | **2006** | **3,408** | **269** | **(7.9)** | **1,132** | **41** | **(3.6)** | **4,540** | **310** | **(6.8)** |
| | **2007** | **2,957** | **233** | **(7.9)** | **1,010** | **38** | **(3.8)** | **3,967** | **271** | **(6.8)** |

**टिप्पणी:** कोष्ठकों के आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।

**विवरण IV: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की उद्योग वार अग्रिम - क्षेत्रानुसार**

(ओ/एस की राशि करोड़ रुपए में)

| उद्योग | वर्ष | रुग्ण कंपनियों को अग्रिम | | | दुर्बल इकाइयों को अग्रिम | | | रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों को कुल अग्रिम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | जिसमें से सरकारी क्षेत्र | | कुल | जिसमें से सरकारी क्षेत्र | | कुल | जिसमें से सरकारी क्षेत्र | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| सीमेंट | 2005 | 1,236 | 279 | (22.6) | 180 | 0 | (0.0) | 1,416 | 279 | (19.7) |
| | 2006 | 1,198 | 44 | (3.7) | 189 | 0 | (0.0) | 1,387 | 44 | (3.2) |
| | 2007 | 386 | 47 | (12.1) | 122 | 0 | (0.0) | 508 | 47 | (9.2) |
| रसायन | 2005 | 2,039 | 278 | (13.6) | 445 | 4 | (1.0) | 2,484 | 282 | (11.4) |
| | 2006 | 2,252 | 292 | (13.0) | 681 | 3 | (0.5) | 2,933 | 295 | (10.1) |
| | 2007 | 1,852 | 152 | (8.2) | 473 | 37 | (7.9) | 2,325 | 189 | (8.1) |
| इलेक्ट्रिकल | 2005 | 1,517 | 586 | (38.6) | 239 | 5 | (1.9) | 1,756 | 591 | (33.6) |
| | 2006 | 1,203 | 278 | (23.1) | 324 | 25 | (7.6) | 1,527 | 302 | (19.8) |
| | 2007 | 1,054 | 177 | (16.8) | 334 | 70 | (20.8) | 1,388 | 247 | (17.8) |
| अभियांत्रिकी | 2005 | 2,250 | 904 | (40.2) | 377 | 92 | (24.4) | 2,627 | 996 | (37.9) |
| | 2006 | 2,504 | 1,296 | (51.7) | 324 | 42 | (13.0) | 2,828 | 1,338 | (47.3) |
| | 2007 | 2,221 | 904 | (40.7) | 154 | 43 | (28.1) | 2,374 | 947 | (39.9) |
| खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण | 2005 | 1,155 | 438 | (37.9) | 94 | 0 | (0.4) | 1,250 | 439 | (35.1) |
| | 2006 | 737 | 46 | (6.3) | 121 | 0 | (0.3) | 858 | 47 | (5.4) |
| | 2007 | 360 | 11 | (3.0) | 761 | 28 | (3.6) | 1,122 | 39 | (3.4) |
| रत्न और आभूषण | 2005 | 152 | 0 | (0.0) | 46 | 0 | (0.0) | 197 | 0 | (0.0) |
| | 2006 | 197 | 0 | (0.0) | 4 | 0 | (0.0) | 200 | 0 | (0.0) |
| | 2007 | 104 | 0 | (0.0) | 16 | 0 | (0.0) | 120 | 0 | (0.0) |
| लोहा और इस्पात | 2005 | 3,100 | 79 | (2.5) | 194 | 9 | (4.8) | 3,294 | 88 | (2.7) |
| | 2006 | 2,257 | 85 | (3.8) | 457 | 56 | (12.3) | 2,714 | 141 | (5.2) |
| | 2007 | 1,867 | 73 | (3.9) | 428 | 1 | (0.2) | 2,295 | 74 | (3.2) |
| जूट | 2005 | 56 | 12 | (20.5) | 4 | 0 | (0.0) | 60 | 12 | (19.3) |
| | 2006 | 44 | 7 | (14.9) | 9 | 1 | (5.4) | 53 | 7 | (13.3) |
| | 2007 | 46 | 5 | (9.8) | 11 | 0 | (0.0) | 58 | 5 | (7.9) |
| चमड़ा और उसके उत्पाद | 2005 | 374 | 4 | (1.1) | 20 | 0 | (0.0) | 393 | 4 | (1.1) |
| | 2006 | 380 | 0 | (0.1) | 37 | 0 | (0.0) | 417 | 0 | (0.1) |
| | 2007 | 258 | 0 | (0.0) | 39 | 0 | (0.0) | 297 | 0 | (0.0) |
| धातु और उसके उत्पाद | 2005 | 1,381 | 193 | (14.0) | 116 | 31 | (27.0) | 1,497 | 224 | (15.0) |
| | 2006 | 1,143 | 72 | (6.3) | 242 | 31 | (12.9) | 1,385 | 103 | (7.5) |
| | 2007 | 995 | 7 | (0.7) | 364 | 31 | (8.6) | 1,359 | 39 | (2.8) |
| विविध | 2005 | 8,112 | 687 | (8.5) | 2,082 | 289 | (13.9) | 10,194 | 975 | (9.6) |
| | 2006 | 7,098 | 669 | (9.4) | 2,700 | 607 | (22.5) | 9,798 | 1,275 | (13.0) |
| | 2007 | 4,125 | 512 | (12.4) | 2,341 | 623 | (26.6) | 6,465 | 1,136 | (17.6) |
| कागज और उसके उत्पाद | 2005 | 510 | 22 | (4.3) | 97 | 16 | (16.0) | 607 | 38 | (6.2) |
| | 2006 | 486 | 25 | (5.1) | 120 | 16 | (12.9) | 606 | 40 | (6.6) |
| | 2007 | 425 | 56 | (13.1) | 115 | 0 | (0.0) | 540 | 56 | (10.3) |
| रबर और उसके उत्पाद | 2005 | 143 | 5 | (3.8) | 13 | 0 | (0.0) | 156 | 5 | (3.5) |
| | 2006 | 137 | 5 | (3.9) | 117 | 0 | (0.0) | 254 | 5 | (2.1) |
| | 2007 | 133 | 27 | (20.5) | 97 | 0 | (0.0) | 230 | 27 | (11.9) |
| चीनी | 2005 | 381 | 22 | (5.8) | 208 | 2 | (0.8) | 589 | 24 | (4.1) |
| | 2006 | 351 | 12 | (3.5) | 268 | 0 | (0.0) | 619 | 12 | (2.0) |
| | 2007 | 230 | 13 | (5.6) | 122 | 1 | (0.9) | 352 | 14 | (4.0) |
| वस्त्र | 2005 | 5,658 | 163 | (2.9) | 533 | 49 | (9.1) | 6,191 | 212 | (3.4) |
| | 2006 | 5,159 | 186 | (3.6) | 1,099 | 34 | (3.1) | 6,258 | 220 | (3.5) |
| | 2007 | 3,360 | 284 | (8.5) | 1,425 | 28 | (2.0) | 4,785 | 312 | (6.5) |
| तंबाकू और उसके उत्पाद | 2005 | 18 | 0 | (0.0) | 5 | 0 | (0.0) | 23 | 0 | (0.0) |
| | 2006 | 12 | 0 | (0.0) | 5 | 0 | (0.0) | 17 | 0 | (0.0) |
| | 2007 | 6 | 0 | (0.0) | 4 | 0 | (0.0) | 10 | 0 | (0.0) |
| वनस्पति तेल और वनस्पति | 2005 | 528 | 96 | (18.3) | 49 | 0 | (0.0) | 576 | 96 | (16.7) |
| | 2006 | 517 | 71 | (13.8) | 118 | 0 | (0.0) | 635 | 71 | (11.2) |
| | 2007 | 324 | 11 | (3.3) | 103 | 0 | (0.0) | 427 | 11 | (2.5) |
| वाहन और परिवहन उपकरण | 2005 | 1,034 | 78 | (7.5) | 82 | 0 | (0.0) | 1,116 | 78 | (7.0) |
| | 2006 | 341 | 94 | (27.5) | 161 | 15 | (9.6) | 501 | 109 | (21.7) |
| | 2007 | 238 | 74 | (31.0) | 174 | 15 | (8.9) | 412 | 89 | (21.7) |
| **कुल** | **2005** | **29,644** | **3,846** | **(13.0)** | **4,783** | **496** | **(10.4)** | **34,427** | **4,342** | **(12.6)** |
| | **2006** | **26,013** | **3,181** | **(12.2)** | **6,976** | **830** | **(11.9)** | **32,988** | **4,010** | **(12.2)** |
| | **2007** | **17,984** | **2,352** | **(13.1)** | **7,082** | **878** | **(12.4)** | **25,066** | **3,230** | **(12.9)** |

**टिप्पणी:** 1. कोष्ठकों के आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।

2. पूर्णांकन के कारण कुल में अंतर हो सकता है।

गैर-एसएसआइ रुग्ण/
दुर्बल कंपनियों/इकाइयों
के प्रति बैंकों का एक्सपोजर:
मार्च 2007

**विवरण V: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की बैंक समूह वार संख्या - प्रमुख उद्योग**

| उद्योग | वर्ष | एसबीआइ और उसके सहयोगी बैंक | | | राष्ट्रीयकृत बैंक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | रुग्ण कंपनियां | दुर्बल इकाइयां | कुल | रुग्ण कंपनियां | दुर्बल इकाइयां | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| **कुल** | **2005** | **580 (100.0)** | **108 (100.0)** | **688 (100.0)** | **2,510 (100.0)** | **330 (100.0)** | **2,840 (100.0)** |
| | **2006** | **575 (100.0)** | **147 (100.0)** | **722 (100.0)** | **2,012 (100.0)** | **357 (100.0)** | **2,369 (100.0)** |
| | **2007** | **427 (100.0)** | **107 (100.0)** | **534 (100.0)** | **1,743 (100.0)** | **325 (100.0)** | **2,068 (100.0)** |
| *जिसमें से:* | | | | | | | |
| रसायन | 2005 | 40 (6.9) | 7 (6.5) | 47 (6.8) | 189 (7.5) | 32 (9.7) | 221 (7.8) |
| | 2006 | 37 (6.4) | 16 (10.9) | 53 (7.3) | 189 (9.4) | 30 (8.4) | 219 (9.2) |
| | 2007 | 27 (6.3) | 7 (6.5) | 34 (6.4) | 180 (10.3) | 29 (8.9) | 209 (10.1) |
| अभियांत्रिकी | 2005 | 83 (14.3) | 18 (16.7) | 101 (14.7) | 158 (6.3) | 25 (7.6) | 183 (6.4) |
| | 2006 | 73 (12.7) | 15 (10.2) | 88 (12.2) | 151 (7.5) | 18 (5.0) | 169 (7.1) |
| | 2007 | 58 (13.6) | 7 (6.5) | 65 (12.2) | 126 (7.2) | 16 (4.9) | 142 (6.9) |
| लोहा और इस्पात | 2005 | 62 (10.7) | 3 (2.8) | 65 (9.4) | 221 (8.8) | 21 (6.4) | 242 (8.5) |
| | 2006 | 52 (9.0) | 6 (4.1) | 58 (8.0) | 176 (8.7) | 21 (5.9) | 197 (8.3) |
| | 2007 | 33 (7.7) | 4 (3.7) | 37 (6.9) | 161 (9.2) | 25 (7.7) | 186 (9.0) |
| विविध | 2005 | 169 (29.1) | 43 (39.8) | 212 (30.8) | 889 (35.4) | 90 (27.3) | 979 (34.5) |
| | 2006 | 193 (33.6) | 72 (49.0) | 265 (36.7) | 485 (24.1) | 96 (26.9) | 581 (24.5) |
| | 2007 | 127 (29.7) | 50 (46.7) | 177 (33.1) | 438 (25.1) | 90 (27.7) | 528 (25.5) |
| वस्त्र | 2005 | 99 (17.1) | 12 (11.1) | 111 (16.1) | 450 (17.9) | 65 (19.7) | 515 (18.1) |
| | 2006 | 104 (18.1) | 8 (5.4) | 112 (15.5) | 433 (21.5) | 76 (21.3) | 509 (21.5) |
| | 2007 | 83 (19.4) | 10 (9.3) | 93 (17.4) | 363 (20.8) | 59 (18.2) | 422 (20.4) |

**टिप्पणी:** कोष्ठकों के आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।

**विवरण V: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों की बैंक समूह वार संख्या - प्रमुख उद्योग** *(समाप्त)*

| उद्योग | वर्ष | निजी बैंक | | | विदेशी बैंक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | रुग्ण कंपनियां | दुर्बल इकाइयां | कुल | रुग्ण कंपनियां | दुर्बल इकाइयां | कुल |
| 1 | 2 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| **कुल** | **2005** | **1,305 (100.0)** | **317 (100.0)** | **1,622 (100.0)** | **83 (100.0)** | **19 (100.0)** | **102 (100.0)** |
| | **2006** | **745 (100.0)** | **602 (100.0)** | **1,347 (100.0)** | **76 (100.0)** | **26 (100.0)** | **102 (100.0)** |
| | **2007** | **725 (100.0)** | **564 (100.0)** | **1,289 (100.0)** | **62 (100.0)** | **14 (100.0)** | **76 (100.0)** |
| *जिसमें से:* | | | | | | | |
| रसायन | 2005 | 122 (9.3) | 19 (6.0) | 141 (8.7) | 12 (14.5) | 1 (5.3) | 13 (12.7) |
| | 2006 | 79 (10.6) | 54 (9.0) | 133 (9.9) | 12 (15.8) | 5 (19.2) | 17 (16.7) |
| | 2007 | 81 (11.2) | 42 (7.4) | 123 (9.5) | 6 (9.7) | 2 (14.3) | 8 (10.5) |
| अभियांत्रिकी | 2005 | 56 (4.3) | 16 (5.0) | 72 (4.4) | 7 (8.4) | 2 (10.5) | 9 (8.8) |
| | 2006 | 33 (4.4) | 34 (5.6) | 67 (5.0) | 6 (7.9) | 2 (7.7) | 8 (7.8) |
| | 2007 | 25 (3.4) | 28 (5.0) | 53 (4.1) | 10 (16.1) | 0 (0.0) | 10 (13.2) |
| लोहा और इस्पात | 2005 | 89 (6.8) | 6 (1.9) | 95 (5.9) | 6 (7.2) | 2 (10.5) | 8 (7.8) |
| | 2006 | 60 (8.1) | 8 (1.3) | 68 (5.0) | 7 (9.2) | 2 (7.7) | 9 (8.8) |
| | 2007 | 55 (7.6) | 3 (0.5) | 58 (4.5) | 4 (6.5) | 2 (14.3) | 6 (7.9) |
| विविध | 2005 | 406 (31.1) | 151 (47.6) | 557 (34.3) | 19 (22.9) | 3 (15.8) | 22 (21.6) |
| | 2006 | 222 (29.8) | 297 (49.3) | 519 (38.5) | 14 (18.4) | 6 (23.1) | 20 (19.6) |
| | 2007 | 222 (30.6) | 289 (51.2) | 511 (39.6) | 14 (22.6) | 3 (21.4) | 17 (22.4) |
| वस्त्र | 2005 | 283 (21.7) | 45 (14.2) | 328 (20.2) | 14 (16.9) | 3 (15.8) | 17 (16.7) |
| | 2006 | 151 (20.3) | 79 (13.1) | 230 (17.1) | 13 (17.1) | 3 (11.5) | 16 (15.7) |
| | 2007 | 170 (23.4) | 73 (12.9) | 243 (18.9) | 12 (19.4) | 1 (7.1) | 13 (17.1) |

**विवरण VI: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के बैंक समूह वार अग्रिम - प्रमुख उद्योग**

(राशि करोड़ रुप में)

| उद्योग | वर्ष | एसबीआइ और उसके सहयोगी बैंक | | | राष्ट्रीयकृत बैंक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | रुग्ण कंपनियां | दुर्बल इकाइयां | कुल | रुग्ण कंपनियां | दुर्बल इकाइयां | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| **कुल** | **2005** | **4,086 (100.0)** | **1,403 (100.0)** | **5,488 (100.0)** | **9,604 (100.0)** | **1,504 (100.0)** | **11,108 (100.0)** |
| | **2006** | **4,605 (100.0)** | **1,479 (100.0)** | **6,084 (100.0)** | **9,480 (100.0)** | **1,855 (100.0)** | **11,334 (100.0)** |
| | **2007** | **3,676 (100.0)** | **1,350 (100.0)** | **5,026 (100.0)** | **7,614 (100.0)** | **2,113 (100.0)** | **9,727 (100.0)** |
| *जिसमें से:* | | | | | | | |
| रसायन | 2005 | 210 (5.1) | 84 (6.0) | 294 (5.4) | 861 (9.0) | 241 (16.0) | 1,102 (9.9) |
| | 2006 | 245 (5.3) | 90 (6.1) | 335 (5.5) | 859 (9.1) | 234 (12.6) | 1,092 (9.6) |
| | 2007 | 211 (5.7) | 91 (6.7) | 302 (6.0) | 868 (11.4) | 231 (10.9) | 1,099 (11.3) |
| अभियांत्रिकी | 2005 | 1,247 (30.5) | 233 (16.6) | 1,480 (27.0) | 627 (6.5) | 49 (3.2) | 676 (6.1) |
| | 2006 | 1,315 (28.6) | 175 (11.8) | 1,490 (24.5) | 624 (6.6) | 36 (1.9) | 660 (5.8) |
| | 2007 | 1,205 (32.8) | 58 (4.3) | 1,263 (25.1) | 565 (7.4) | 37 (1.8) | 602 (6.2) |
| लोहा और इस्पात | 2005 | 499 (12.2) | 12 (0.8) | 511 (9.3) | 1,221 (12.7) | 114 (7.5) | 1,335 (12.0) |
| | 2006 | 502 (10.9) | 25 (1.7) | 527 (8.7) | 1,069 (11.3) | 165 (8.9) | 1,234 (10.9) |
| | 2007 | 187 (5.1) | 52 (3.9) | 239 (4.8) | 1,087 (14.3) | 361 (17.1) | 1,448 (14.9) |
| विविध | 2005 | 898 (22.0) | 810 (57.7) | 1,707 (31.1) | 2,225 (23.2) | 386 (25.6) | 2,611 (23.5) |
| | 2006 | 1,125 (24.4) | 969 (65.5) | 2,094 (34.4) | 2,176 (22.9) | 518 (27.9) | 2,694 (23.8) |
| | 2007 | 850 (23.1) | 844 (62.5) | 1,694 (33.7) | 1,717 (22.6) | 395 (18.7) | 2,112 (21.7) |
| वस्त्र | 2005 | 584 (14.3) | 49 (3.5) | 633 (11.5) | 1,957 (20.4) | 321 (21.3) | 2,278 (20.5) |
| | 2006 | 671 (14.6) | 10 (0.7) | 681 (11.2) | 1,889 (19.9) | 300 (16.1) | 2,189 (19.3) |
| | 2007 | 590 (16.1) | 94 (7.0) | 684 (13.6) | 1,367 (18.0) | 376 (17.8) | 1,743 (17.9) |

**टिप्पणी:** 1. कोष्ठकों के आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।
2. पूर्णांकन के कारण कुल में अंतर हो सकता है।

**विवरण VI: रुग्ण/दुर्बल कंपनियों/इकाइयों के बैंक समूह वार अग्रिम - प्रमुख उद्योग** *(समाप्त)*

(राशि करोड़ रुप में)

| उद्योग | वर्ष | एसबीआइ और उसके सहयोगी बैंक | | | राष्ट्रीयकृत बैंक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | रुग्ण कंपनियां | दुर्बल इकाइयां | कुल | रुग्ण कंपनियां | दुर्बल इकाइयां | कुल |
| 1 | 2 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| **कुल** | **2005** | **15,346 (100.0)** | **1,796 (100.0)** | **17,142 (100.0)** | **608 (100.0)** | **80 (100.0)** | **688 (100.0)** |
| | **2006** | **11,499 (100.0)** | **3,557 (100.0)** | **15,056 (100.0)** | **430 (100.0)** | **85 (100.0)** | **514 (100.0)** |
| | **2007** | **6,303 (100.0)** | **3,563 (100.0)** | **9,866 (100.0)** | **391 (100.0)** | **56 (100.0)** | **447 (100.0)** |
| *जिसमें से:* | | | | | | | |
| रसायन | 2005 | 818 (5.3) | 118 (6.6) | 936 (5.5) | 150 (24.7) | 2 (3.0) | 152 (22.2) |
| | 2006 | 1,093 (9.5) | 337 (9.5) | 1,430 (9.5) | 56 (13.0) | 20 (23.8) | 76 (14.8) |
| | 2007 | 727 (11.5) | 144 (4.0) | 870 (8.8) | 47 (12.0) | 8 (13.7) | 55 (12.2) |
| अभियांत्रिकी | 2005 | 350 (2.3) | 94 (5.2) | 444 (2.6) | 26 (4.2) | 2 (2.1) | 27 (4.0) |
| | 2006 | 546 (4.7) | 97 (2.7) | 642 (4.3) | 19 (4.4) | 17 (19.9) | 36 (6.9) |
| | 2007 | 411 (6.5) | 59 (1.7) | 470 (4.8) | 40 (10.2) | 0 (0.0) | 40 (8.9) |
| लोहा और इस्पात | 2005 | 1,322 (8.6) | 46 (2.6) | 1,369 (8.0) | 58 (9.5) | 22 (27.6) | 80 (11.6) |
| | 2006 | 603 (5.2) | 265 (7.5) | 869 (5.8) | 82 (19.1) | 3 (3.7) | 85 (16.5) |
| | 2007 | 549 (8.7) | 14 (0.4) | 562 (5.7) | 45 (11.5) | 1 (1.6) | 46 (10.2) |
| विविध | 2005 | 4,870 (31.7) | 885 (49.3) | 5,755 (33.6) | 120 (19.8) | 2 (2.0) | 122 (17.7) |
| | 2006 | 3,716 (32.3) | 1,209 (34.0) | 4,925 (32.7) | 82 (19.1) | 3 (3.8) | 85 (16.6) |
| | 2007 | 1,457 (23.1) | 1,100 (30.9) | 2,557 (25.9) | 101 (25.7) | 1 (1.4) | 101 (22.7) |
| वस्त्र | 2005 | 2,998 (19.5) | 148 (8.2) | 3,146 (18.4) | 119 (19.5) | 15 (19.1) | 134 (19.5) |
| | 2006 | 2,518 (21.9) | 787 (22.1) | 3,306 (22.0) | 81 (18.8) | 2 (2.7) | 83 (16.2) |
| | 2007 | 1,314 (20.9) | 955 (26.8) | 2,269 (23.0) | 88 (22.5) | 0 (0.4) | 88 (19.7) |

**अनुबंध**

## 1. धारणाएं/परिभाषाएं और संबंधित अधिनियम/प्रावधान

### *1.1. गैर-एसएसआइ रुग्ण औद्योगिक कंपनी @*

'गैर-एसएसआइ रुग्ण औद्योगिक कंपनी' का अर्थ एक ऐसी गैर-एसएसआइ रुग्ण औद्योगिक कंपनी है (कंपनी के रूप में जिसका पंजीयन होकर सात साल से कम की अवधि न हुई हो) जिसकी संचित हानि किसी भी वित्तीय वर्ष के अंत में उसकी निवल मालियत के समतुल्य या उससे अधिक हो।

### *1.2. गैर-एसएसआइ दुर्बल इकाइयां (उक्त 1.1 से भिन्न)*

एक गैर-एसएसआइ औद्योगिक इकाई 'दुर्बल' इकाई के रूप में तब परिभाषित किया जाता है जब किसी भी वित्तीय वर्ष के अंत में उसकी संचित हानि के कारण तत्काल पूर्व के चार वर्षों की उसकी उच्चतम निवल मालियत के पचास प्रतिशत या उससे अधिक भाग का ह्रास हुआ हो। यह स्पष्ट किया जाता है कि दुर्बल इकाई में न केवल वे इकाइयां (अर्थात औद्योगिक कंपनियां) जो रुग्ण औद्योगिक कंपनियां (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 के तहत आती हैं, बल्कि भागीदारी फर्म, मालिकाना संस्थाओं जैसी अन्य श्रेणियां भी शामिल होंगी।

- समीक्षा में, इन श्रेणियों का गैर-एसएसआइ (रुग्ण/दुर्बल) के रूप में संयुक्त संदर्भ इन परिभाषाओं के संबंध में होगा।
- किसी 'दुर्बल' औद्योगिक कंपनी को संभाव्य रूप से 'रुग्ण' कंपनी तब माना जाएगा जब उसकी रिपोर्ट एसआइसीए, 1985 की धारा 23 (1) (ए) के संदर्भ में बीआइएफआर को दी जाएगी।

## 2. रुग्ण औद्योगिक कंपनियां (विशेष प्रावधान), अधिनियम, 1985 और बीआइएफआर

तिवारी समिति की सिफारिशों (1981) के अनुसरण में, रुग्ण औद्योगिक कंपनियां (विशेष प्रावधान), अधिनियम, 1985 (एसआइसीए) पारित किया गया था और 1987 में औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निमाण बोर्ड (बीआइएफआर) की स्थापना की गई ताकि गैर-एसएसआइ रुग्ण औद्योगिक कंपनियों के संबंध में आवश्यक बचावात्मक, संवर्धनात्मक और सुधारात्मक कार्रवाई निर्धारित की जा सके और इस प्रकार निर्धारित कार्रवाई तत्काल की जा सके। किंतु, रुग्ण एसएसआइ इकाइयों के पुनरुज्जीवन के लिए कोई विशेष अधिनियम नहीं बनाया गया।

@ रुग्ण/दुर्बल औद्योगिक कंपनियों/इकाइयों की परिभाषाएं 22 सितंबर 1989 के आइईसीडी परिपत्र से ली गई हैं जो कि तत्कालीन 'रुग्ण औद्योगिक कंपनियां (विशेष प्रावधान), अधिनियम, 1985 (इसके संशोधन से पहले) की परिभाषाओं पर आधारित हैं'।

## 3. गतिविधियां

- वित्तीय आस्ति का प्रतिभूतिकरण और पुनर्संरचना एवं प्रतिभूति ब्याज का प्रवर्तन (सरफाइसी) अधिनियम 2002 के अधिनियमन से बैंकों पर लगातार वसूली सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण दबाव बना। इस अधिनियम में, अन्य बातों के अलावा, देयताओं की वसूली के लिए न्यायालय या न्यायाधिकरण की मध्यस्थता के बिना सुरक्षा-ब्याज लगाने का प्रावधान है।
- भारत सरकार ने प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 भी अधिसूचित की थी ताकि ऋणदाता प्रतिभूति के प्रवर्तन और उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए अपने अधिकारियों को प्राधिकृत कर सकें। बैंकों ने इस अधिनियम के तहत वसूली की कार्रवाई प्रारंभ की है। सरकार ने उन्हें सूचित किया है कि वे इस अधिनियम के तहत कार्रवाई करके रिज़र्व बैंक को अनुपालन की सूचना दें।
- **भारिबैं दिशानिर्देश और नीतिगत पहलें**

  भारतीय रिज़र्व बैंक रुग्ण/दुर्बल औद्योगिक कंपनियों/इकाइयों के पुनर्वास के प्रश्न को हमेशा ही अत्यधिक महत्व देता आया है। भारिबैं ने व्यवहार्य रुग्ण/दुर्बल उद्योगों के पुनर्वास के लिए ऋण नीति और अन्य उपायों की लगातार समीक्षा की है।
- **भारिबैं दिशानिर्देश**

  भारिबैं ने औद्योगिक रुग्णता को प्रारंभिक स्तर पर ही पहचानने, बैंक रुग्ण/दुर्बल औद्योगिक कंपनियों/इकाइयों को पहचानने, इकाई के व्यवहार्यता अध्ययन करने, व्यवहार्य इकाइयों को ही राहत और छूट देने, बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के बीच तथा केवल बैंकों

**अनुबंध** *(समाप्त)*

के बीच समन्वय, प्रवर्तकों के अंशदान के मानदंड, ऋण की चुकौती /पुनर्निधारण के लिए विस्तारित अवधि, ऋण के इक्विटी में रूपांतरण, उधार की सिंगल विंडो धारणा, ब्याज दर रियायत और दंडात्मक दर माफी, भरपाई पूर्णता और हानि के प्रति मुआवजे जैसे औद्योगिक पुनर्वास के सभी क्षेत्रों को कवर करते हुए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए [भारिबैं के दिशानिर्देश दुर्बल (गैर-बीआइईआर मामले) गैर-एसएसआइ इकाइयों पर भी लागू हैं]। ऐसे ही दिशानिर्देश रुग्ण एसएसआइ कंपनियों/इकाइयों के पुनर्वास के मामले में जारी किए गए। रुग्ण एसएसआइ कंपनियों/इकाइयों के वैयक्तिक मामले जहां समन्वय आदि की कठिनाई आती है, उन्हें राज्य स्तरीय अंतर-संस्थागत समिति (एसएलआइआइसी) की बैठकों में सुलझाया जाता है।

- **औद्योगिक रुग्णता की वार्षिक समीक्षा**

भारिबैं गैर-एसएसआइ रुग्ण/दुर्बल औद्योगिक कंपनियों/इकाइयों के प्रति सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के एक्सपोजर के संबंध में उनसे वार्षिक आधार पर सूचना इकट्ठी करता है। भारिबैं इन बैंकों से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रति वर्ष मार्च के अंत में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा वित्तपोषित इन औद्योगिक इकाइयों की समीक्षा प्रकाशित करता है।